पंचदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

<u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-07

बुधवार, दिनांक-29 फरवरी, 2012 ई० ।

<u>माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।</u>

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 अपराह्न तक ।

(सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि अपनी मांग को लेकर वेल में बैठ गई ।)

[1] <u>प्रश्नोत्तर काल</u> :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रमांक 13 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iii) 22 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 328 एवं 330 क्रमशः जल संसाधन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग को स्थानान्तरित ।

(v) 129 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] <u>शून्यकाल</u> :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह

(ii) श्रीमती सुजाता देवी

(iii) श्री वीरेन्द्र सिंह

(iv) श्री रामनरेश प्रसाद यादव

(v) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(vi) श्री विजय कुमार सिन्हा

(vii) श्री तारकिशोर प्रसाद

(viii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(ix) श्री उमाकांत यादव

(x) श्री नौशाद आलम

(xi) श्री राजकुमार राय

(xii) श्री जनक सिंह

(xiii) श्रीमती मुन्नी देवी

(xiv) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(xv) डॉ० दाउद अली

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों के स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों के सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[4] <u>सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना</u> :-

मा० सभापति राजकीय आश्वासन समिति श्रीमती लेशी सिंह द्वारा समिति का 224वाँ, 225वाँ, 226वाँ, 227वाँ एवं 228वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 4.00 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि वेल में आकर बैठ गई ।)

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :- <u>वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श</u> :-

सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री सम्राट चौधरी

(आसन द्वारा मा० सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि से अपनी सीट पर जाने का अनुरोध किये जाने के बावजूद वे वेल में बैठी रही)

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री मनोहर प्रसाद सिंह

(iii) श्री अवनीश कुमार सिंह

(iv) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(v) श्री नितिन नवीन

(vi) श्रीमती ज्योति मांझी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(vii) श्री प्रमोद कुमार

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(viii) डॉ० इजहार अहमद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix) डॉ० मो० जावेद

आसन से घोषणा की गई कि सामान्य विमर्श कल दिनांक 01.03.2012 को भी जारी रहेगी ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 28 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बृहस्पतिवार, दिनांक 01.03.2012 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-29.02.2012

लक्ष्मीकांत झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।